हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 24 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 27 हजार राशन कार्डधारकों के लिए सिर्फ दस दुकानें...





11 कार और ट्रक में आमने-सामने की भिड़ंत...




## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत नांदघाट में चौथी बार पंच बने आरिफ

**बेमेतरा/नांदघाट।** ग्राम पंचायत नांदघाट से पंच के लिए चौथी बार आरिफ ने जीत हासिल की।



उन्होंने चुनाव लड़ रहे अपने प्रतिद्वंदी मनोज यादव को 78 मतों से पराजित किया। नांदघाट पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 में कुल 108 वोट पड़े, जिसमें आरिफ बांठिया 89 वोट मिले। वहीं, उनके विरोधी मनोज यादव को मात्र 11 वोट ही मिल पाया और 8 वोट रिजेक्ट हुए। इस तरह आरिफ बांठिया ने मनोज उर्फ बेगला यादव को 78 वोटों से हराया । लगातार वार्ड से चौथी बार जीत दर्ज करने आरिफ बांठिया ने वार्डवासियों के प्रति आभार जताया। वहीं, क्षेत्र के युवा राजू पात्रे ग्राम पंचायत नांदघाट के सरपंच निर्वाचित हुए पूर्व में राजू पात्रे पंच भी रह चुके हैं। इसी तरह नांदघाट पंचायत में चंद्रिका निषाद, जानकी ध्रुव ,जनक सेन दूसरी बार पंच का चुनाव जीते वही तुलसी वैष्णव, विक्की वर्मा ,सुशीला अवस्थी, अमेरिका यादव ,सोनिया बर्गो, उतरा निषाद, सुनील निषाद पंच पद पर जीत दर्ज की ओर वार्ड नंबर 13 से शैलेंद्र निर्विरोध चुने गए।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बेमेतरा/कोदवा।** सिटी कोतवाली पुलिस चौकी देवरबीजा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघौरी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक रवि साहू उम्र 30 पिता मनोहर साहू ग्राम सिंघौरी का निवासी था, जो कि देवरबीजा की ओर से अपने ग्राम के समीप पहुंचा ही था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक के सिर पर गंभीर रूप से चोट आई थी। घटना के बाद नजदीकी पुलिस चौकी देवरबीजा में प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना की सूचना दी। जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा बना कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं, पुलिस अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### डेली नीड्स की दुकान से नकदी सहित सामान पार

**बालोद।** शहर के महावीर गली में संचालित डेली निड्स पान पैलेस में अज्ञात चोरों ने 8 हजार रूपये के आईसक्रीम चॉकलेट और 40 हजार रूपये नकद की चोरी कर ली। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता सदर रोड बालोद निवासी श्रवण श्रीवास्तव ने बताया दुकान में 20 फरवरी को रात में भाई तरूण श्रीवास्तव दुकान बढ़ाकर शटर में ताला लगाकर रात में घर चला गया। 21 फरवरी की सुबह दुकान के आस पास वाले बताया कि तुम्हारी दुकान का ताला टूटा हुआ है। जाकर देखने पर पता चला कि दुकान में रखी आईसक्रीम, चॉकलेट व सिगरेट के साथ ही गल्ले में रखे 40 हजार रूपए को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है।

### धनोरा में शाकंभरी महोत्सव व सामाजिक सम्मेलन 2 मार्च को

**अंडा।** धनोरा कोसरिया मरार समाज दुर्ग राज के तत्वावधान में धनोरा परिक्षेत्र द्वारा 2 मार्च को शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। परिक्षेत्रीय अध्यक्ष यशवंत पटेल ने बताया कि सुबह 9 बजे कलश यात्रा बाजार चौक से निकाली जाएगी। लोक चिन्हारी संस्था भरथरी सिकोसा हेमलाता पटेल की प्रस्तुति होगी।







मतदान

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे व अंतिम चरण में साजा तथा बेरला ब्लॉक में हुआ मतदान

# ग्रामीण मतदाताओं में दिखा गजब का उत्साह दोनों ब्लाक में 74 प्रतिशत लोगों ने डाले वोट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मतदान केंद्रों में सुबह से उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे ओर चरण में ग्रामीण मतदाताओं में मताधिकार को लेकर अच्छा खासा उत्साह दिखाई दिया। जिले के दो ब्लॉकों बेरला और साजा में रविवार को हुए मतदान को लेकर सुबह से पोलिंग बूथों में मतदाताओं की कतार दिखाई दी। कई ऐसे भी बूथ रहे, जहां दोपहर तीन बजे के बाद भी वोटिंग हुई। जिले के इन दोनों ब्लॉक में करीब 74 फीसदी से ज्यादा मतदान होने के आंकड़े सामने आ रहे हैं।

जिले के बेरला और साजा जनपद पंचायतों में त्रि-स्तरीय पंचायत आम चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत बेरला में कुल 148,501 मतदाता हैं, जिनमें से 106,321 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग होना बताया जा रहा है, इसमें पुरुष मतदाता 53,103 और महिला मतदाता 55,218 ने हिस्सा लिया।वहीं, साजा जनपद पंचायत में कुल 148,424 मतदाताओं में से 106,359 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें पुरुष 53,292 (71.43%) और महिलाएं 53,067 (71.89%) ने अपना मत डाला। बेरला और साजा दोनों जनपदों को मिलाकर कुल 2 लाख 96,925 मतदाताओं में से 2 लाख 14,680 मतदाताओं ने अब तक मतदान किया, जिसमें पुरुषों का प्रतिशत 71.33 और महिलाओं का प्रतिशत 73.29 है। दोनों ही जनपदों में उत्साहजनक रूप से महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही। इस दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सख्त रखा गया है ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।







### महिलाओं ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

पंचायत चुनाव में महिला मतदाताओं ने काफी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अधिकांश बूथों में पुरुष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की कतार ज्यादा दिखाई दी। दोनों ब्लॉक में महिला मतदाताओं द्वारा अधिक मतदान किए जाने की जानकारी भी सामने आ रही है। महिलाओं की वोटिंग ही इस चुनाव में हार और जीत तय करेगी।

### मतगणना के साथ छलका उत्साह

मतदान प्रक्रिया निपटने के बाद देर शाम सभी मतदान केंद्रों में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के वोटों की गिनती शुरू हो गई है। पंच एवं सरपंच पद की मतगणना के बाद देर रात को विजयी प्रत्याशियों के नाम सामने आये। मतगणना के बाद गांवों में विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर उत्साह भी मनाया। कुछ गांवों में देर रात तक गिनती जारी होने से अभी तक विस्तृत परिणाम सामने नहीं आ पाए हैं। आज 24 फरवरी को जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य सीटों के सारणीकरण के बाद विजयी प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे।

### 95 की उम्र में किया मतदान दूसरों को भी किया प्रेरित





**बेमेतरा।** बेरला जनपद पंचायत के ग्राम कोदवा में 95 वर्षीय चैतराम प्रजापति और बैसाखी वर्मा ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर सभी को प्रेरित किया। इन वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी उम्र और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लिया। उनकी यह भावना गांव के अन्य मतदाताओं के लिए प्रेरणा बनी, जिससे सभी ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। चैतराम प्रजापति और बैसाखी वर्मा का यह कदम साबित करता है कि उम्र चाहे जितनी भी हो, लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य निभाने का उत्साह कभी कम नहीं होता। जिले में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान इस तरह की मिसालें यह दिखाती हैं कि यहां के नागरिक लोकतंत्र को कितनी गंभीरता से लेते हैं।

### सोनम वर्मा ने किया अपने जीवन का पहला मतदान, जताई खुशी

**बेमेतरा।** बेरला जनपद पंचायत के सोंढ ग्राम पंचायत निवासी सोनम वर्मा ने अपने जीवन का पहला मतदान किया। वह इस मौके पर बेहद खुश और उत्साहित दिखीं। सोनम ने बताया कि यह उनके लिए एक गर्व का क्षण है, क्योंकि उन्होंने पहली बार लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी दर्ज कराई है। सोनम ने कहा कि मैंने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है और मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मैंने लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह देश के नागरिक होने का एक सशक्त अनुभव है, और मुझे उम्मीद है कि मेरा मत सही दिशा में बदलाव लाने में योगदान देगा। पहली बार मतदान करने के बाद सोनम ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ खुशी साझा की और युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने मत का अधिकार जरूर प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी भी है, जो देश के विकास और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सोनम के साथ ही अन्य कई युवा मतदाताओं ने भी इस चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के महत्व को समझते हुए गर्व महसूस किया। सोनम की इस खुशी ने सोंढ गांव में भी उत्साह का माहौल पैदा कर दिया।जनपद पंचायत बेरला और सोंढ ग्राम पंचायत के मतदान केंद्रों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां सभी आयु वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।



### 90 वर्षीय जगनू ने लोकतंत्र को मजबूत करने किया मतदान

इसी तरह ग्राम गहिरा नवागांव के 90 वर्षीय बुजुर्ग जगनू सतनामी, ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इतनी उम्र के बावजूद, जगनू सतनामी ने मतदान केंद्र तक पहुंचकर न केवल अपने वोट का उपयोग किया, बल्कि युवा और बुजुर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश छोड़ा। वे 90 वर्ष की उम्र में भी पूरे जोश और ऊर्जा के साथ अपने परिवार के सहयोग से मतदान केंद्र पहुंचे। उनके मतदान केंद्र पर पहुंचते ही लोग आश्चर्यचकित हो गए और उनका स्वागत किया। अधिकारियों ने उन्हें प्राथमिकता से मतदान करने का अवसर दिया और अन्य मतदाताओं ने उनकी लोकतांत्रिक भावना की सराहना की। जगनू सतनामी के परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे हमेशा से ही हर चुनाव में मतदान करते आए हैं। उनके परिवार और ग्रामीणों के लिए यह गर्व का क्षण था जब वे इस उम्र में भी अपने दायित्व को निभाने के लिए मतदान करने पहुंचे। उनके परिवार ने कहा, वह लोकतंत्र में गहरी आस्था रखते हैं, और उनके जीवन का यह महत्वपूर्ण हिस्सा है।



### अपर कलेक्टर और डीईओ ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**बेमेतरा।** अपर कलेक्टर अंकिता गर्ग एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का अंतिम चरण के चल रहे बेरला ब्लाक व साजा ब्लॉक के विभिन्न मतदान केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके तहत ग्राम सरदा, देवरी, खर्रा, परपोड़ा, परसबोड़, मुसुवाडीह, धौराभाठा, ठेलका का निरीक्षण किया गया है। सभी मतदान केन्द्रों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सभी मतदाता में अपने देश, राज्य, जिला, ब्लॉक, गांव, वार्ड पंच के लिए बेहतरीन काम करने वाले, भविष्य के ईमानदार नेता को चुनने मतदान करने के लिए जागरूकता, सक्रियता दिखाई दिए। लगभग सभी जगह बहुत अधिक मात्रा में मतदाता मतदान के इस महाकुंभ में सहभागिता दिखाई है। साथ में शिक्षा विभाग के सहायक जिला परियोजना अधिकारी एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, रूपेश कुमार साहू शिक्षक तथा मौलिक राम साथ में उपस्थित थे।

# पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों ने पानी की तरह बहाया पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिपं सदस्य से लेकर पंच प्रत्याशियों ने भी मतदाताओं को लुभाने किए तरह-तरह के जतन

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हर जगह पैसे का जलवा दिखाई दिया। जिला पंचायत सदस्य के लिए जहां दलीय समर्थक प्रत्याशियों ने पानी की तरह पैसा बहाया। वहीं सरपंच प्रत्याशी भी चुनाव जीतने के लिए खर्च के मामले में पीछे नहीं थे। बताया जाता है कि सरपंच बनने के लिए रातों-रात लाखों रुपए बांटे गए। ऐसी स्थिति में वार्ड पंच कहां पीछे रहते और वे भी हजारों में उतरकर चुनाव लड़ते देखे गए। कुल मिलाकर चुनावी दौर में बहुसंख्य मतदाताओं के घर चौतरफा धन वर्षा हुई। पिछले 15 दिनों से चुनावी दौर में ग्रामीण अंचल के पियक्कड़ों की खूब मौज रही। उनके लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी एटीएम जैसे हो गए थे। जब चाहो निकाल लो, गांवों में ऐसे मदिराप्रेमियों से सभी प्रत्याशी प्रायः बचने की फिराक में रहते, क्योंकि जिस प्रत्याशी से इनके पीने-खाने का जुगाड़ होता, उसकी तो जिंदाबाद के नारे लगाकर जय-जयकार करते, लेकिन जिससे नहीं मिला, उसकी गांव भर में घूम-घूमकर कर तमाम बुराइयों का बखान करने लगते और उसकी मिट्टी पलीद करते हुए उसे सबसे खराब प्रत्याशी बताने में कोई कसर नहीं छोड़ते। शायद इसीलिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी इनको कुछ देकर पीछा छुड़ाना और मुंह बंद कराना उचित समझते थे। पंचायत में एक से लेकर पिया हुआ जब उतर जाता है, तब दूसरे के पास जाकर डंके की चोट पर पीने से लेकर चखना तक के लिए पैसा मांगना जैसे इनका विशेषाधिकार हो। ऐसे पियक्कड़ों ने इस चुनावी मजबूरी का जमकर फायदा उठाया।

### प्रयाग महाकुंभ से लौट रहे परिवार के साथ सड़क हादसा, महिला की मौत

**भिलाई।** प्रायगराज महाकुंभ से भिलाई लौट रहे एक परिवार के नौ लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए है। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीन गंभीर रुप से घायल है। पांच लोगों को सामान्य चोटे आई है। मिली जानकारी के मुताबिक बी /3, स्ट्रीट 2 आशीष नगर (पश्चिम) निवासी राखी सिकदार अपने परिवार कार्तिक सिकदार, रेखा देव, सुधांशु विश्वास, शंखु विश्वास, आरती विश्वास, प्रेम अर्टिगा कार सीजी 07 बीएस 3173 में सवार होकर प्रयागराज के लिए 19 फरवरी को भिलाई से निकले थे। सभी कुंभ में स्नान करने के बाद परिवार समेत भिलाई शुक्रवार को लौट रहे थे। इस दौरान कार की रफ्तार जेत होने से अनियंत्रित होकर एमपी के शहडोल-पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच में पेड से टकरा फिर सड़क किनारे खाई में जा गिरी।

# ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व चिंतन दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल में विश्व चिंतन दिवस मनाया गया। इस दौरान स्काउट-गाइड के जनक लॉर्ड बेडेन पावेल के जन्म दिवस पर आयोजित चिंतन दिवस का मुख्य विषय "हमारी कहानी" रहा।

इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विशेष रूप से छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करने एवं जीवन जीने की कला को आत्मसात करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुई । संस्था की प्राचार्य अल्का तिवारी ने जीवन जीने की कला, मस्तिष्क को क्रियाशील बनाने की गतिविधियाँ एवं आत्मरक्षा के गुणों के विकास पर विस्तृत जानकारी दी। गाइडर पूनम सलूजा ने स्काउट-गाइड की महत्ता एवं लॉर्ड बेडेन पावेल की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त फनेंद्र कुमार लोधी, गाइडर लक्ष्मणी साहू, सेजेस बेमेतरा की गाइड्स, राजीव ओपन क्रू के रोवर्स एवं माँ भद्रकाली ओपन रेंजर टीम के रेंजर्स उपस्थित रहे।

### महिला के गर्भ में बच्चे की मौत, अस्पताल में हंगामा

**भिलाई।** गर्भवती महिला का बच्चा पेट में ही मौत हो जाने का मामला सामने आया है। डॉक्टर ने महिला को 24 घंटे तक अस्पताल में रखा उसके बाद उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे की गर्भ में मौत हो गई है। खबर सुनकर परिजनों ने जमकर हंगामा कर कार्रवाई की मांग करते रहे। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला का यह मामला है। परिजनों का आरोप है कि सुपेला अस्पताल की महिला डॉक्टर सही समय पर प्रसूता को जिला अस्पताल रेफर करती तो गर्भ में पल रहे बच्चे की जान बच जाती। मितानिन उर्वशी देवांगन के मुताबिक 17 फरवरी को पल्लवी यादव को प्रसव पीड़ा हुई थी। जब उसने देखा कि बच्चा होने का समय नजदीक है, तो उसने परिजनों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर जाने की सलाह दी। अगले दिन शाम को जब महिला की तबीयत अधिक खराब हुई तो अस्पताल के कर्मियों ने कहा कि प्रसूता को जिला अस्पताल लेकर जाओ।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आनंदगांव मतदान केंद्र में सुबह से डटे रहे विद्यार्थी

# चुनाव में स्काउट-गाइड्स व पुलिस का रहा सराहनीय योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत मतदान शांतिपूर्ण तरीके से जारी हुआ। वहीं, बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत बेरला के निकटवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत आनंदगांव में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव विद्यालय के स्काउट एवं गाइड प्रभारी भागवत प्रसाद बानी ने बताया कि विद्यालय के स्काउट एवं गाइड्स के विद्यार्थियों द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 कार्यक्रम में अपना योगदान प्रदान किया गया।

स्काउट एवं गाइड के समस्त विद्यार्थी प्रातः 7:00 बजे से लेकर शाम के 6:00 बजे तक अपनी सेवाएं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आनंदगांव मतदान केंद्र में दिये। साथ ही सभी स्काउट एंड गाइड्स कैडेट्स ने मतदाताओं को आवश्यकता अनुसार उनकी मदद की। वही बुजुर्ग मतदाताओं को



व्हीलचेयर के माध्यम से मतदान केंद्र तक पहुंचाना, प्यासे को पानी, मतदाता गर्मी के कारण थकान होने पर छांव स्थल पर ले जाना, वृद्धजनों के लाठी के सहारे बने। इसके अलावा स्काउट एंड गाइड्स टीम ने चुनाव में शांति पूर्ण मतदान करने में भरपूर सहयोग प्रदान कर शांति पूर्ण चुनाव कराने में सहयोग रहा। वही इस चुनाई तिहार में ग्राम पंचायत आनंदगांव में पुलिस प्रशासन के प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले का सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांति पूर्ण मतदान कराने में सराहनीय भूमिका रहा। इस दौरान दोपहर में गर्मी के दौरान पानी पिलाकर मतदाताओं का सेवा किया गया। वहीं चुनाव बूथ केंद्र में मोबाइल वर्जित, धूम्रपान निषेध एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे- एपीक कार्ड, फोटो युक्त प्रमाण पत्र आधार कार्ड आदि संबंधी जानकारी मतदाताओं को बताकर जागरूक किया गया।

### इन विद्यार्थियों ने किया भरपूर सहयोग

इस कार्य में सम्मिलित स्काउट एवं गाइड कैडेट माधुरी सिन्हा गाइड, वेदप्रकाश सिन्हा स्काउट लीडर, शिवानी साहू, किरण बारले, टिकेश्वरी सेन, बीरेंद्र निषाद, गिरधर खरे, संजना वर्मा, माया सेन, रूपाली यादव, मेघा यदु, भगवती साहू, गीतेश बंजारे सभी का भरपूर सहयोग रहा।


हरिभूमि

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

खबर संक्षेप

## डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्नदृष्टा, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी डॉ. खूबचंद बघेल की पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के प्रदेश नेताओं ने हांडीपारा स्थित छत्तीसगढ़ी भवन में शनिवार को पुष्पांजलि का आयोजन किया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष दाऊ जीपी चंद्राकर ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेलजी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी, प्रखर वक्ता एवं साहित्यकार थे, उनको स्मरण करना नई पीढ़ी के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। इसी दौरान पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल दुबे ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेलजी किसानों के अधिकार समाज में समरसता एवं राज्य आंदोलन के पुरोधा थे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में पार्टी के महासचिव दीनदयाल वर्मा, संगठन सचिव जागेश्वर प्रसाद, कार्यकारिणी के सदस्य लालाराम वर्मा, वेगेंद्र सोनबेर, चेतन देवांगन, बृजबिहारी साहू, गोवर्धन वर्मा, श्यामूराम सेन, संतोष श्रीवास, रोहित साहू, बजरंग चौहान, जागेश्वर प्रसाद एवं रायपुर के अध्यक्ष हेमा फणींद्र भूषण साहू आदि शामिल थे।

## पीडियाट्रिक एकेडमी के नए सदस्यों ली शपथ




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीडियाट्रिक एकेडमी के इंस्टालेशन सेरेमनी में शिशुरोग विशेषज्ञों ने बच्चों को होने वाली बीमारियों और उसकी रोकथाम से संबंधित उपचार पर चर्चा की। इस दौरान चुने गए नए पदाधिकारियों ने शपथ ली। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ शामिल हुए। पीडियाट्रिक एकेडमी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में डॉ. राकेश परदल, प्रदेश सचिव डॉ. निलय मोझरकर के साथ रायपुर एकेडमी के अध्यक्ष डॉ. पवन जैन, सेक्रेटरी डॉ. चितरंजन एवं छत्तीसगढ़ एडोलोसेंट एकेडमी की अध्यक्ष डॉ. संगीता जोशी व सचिव डॉ. नितिका जैन ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह शिशु एकेडमी केंद्रीय बोर्ड सदस्य डॉ. केपी सारभाई की उपस्थिति में पूरा हुआ। इस दौरान बच्चों को भविष्य में होने वाली विभिन्न तरह की बीमारियों सहित अन्य चुनौतियों से निपटने और शिशुरोग विशेषज्ञों की महती भूमिका पर चर्चा करते हुए आपस में जानकारी साझा की गई। इस दौरान बच्चों के बेहतर उपचार के लिए हेल्दी चाइल्ड नेशन प्रायोरिटी की थीम पर बालरोग चिकित्सकों ने संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यक्रम के डॉ. अमर सिंह ठाकुर एवं डॉ. एपी सावंत थे। वरिष्ठ शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. अनूप वर्मा द्वारा निमोनिया के वैक्सीन पर हुए अपडेट के बारे में उपस्थित चिकित्सकों से जानकारी साझा की गई।

## लंबित वेतन विसंगति दूर करने के लिए मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ की अध्यक्ष ऋतु परिहार ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर पर्यवेक्षकों की 30 वर्षों से लंबित वेतन विसंगति की समस्या का समाधान करने की अपील की। उन्होंने महिला कर्मचारियों को न्याय दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 1866 पर्यवेक्षक पद हैं, जिन पर केवल महिलाएं कार्यरत हैं। समय-समय पर विभाग द्वारा इन पर्यवेक्षकों के वेतनमान में सुधार के लिए अनुशंसा की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं आया है। ऋतु परिहार ने मुख्यमंत्री से कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण और सम्मान के प्रति बेहद संवेदनशील है और उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार पर्यवेक्षकों के 30 वर्षों के संघर्ष को समझते हुए समाधान निकाला जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने महिलाओं के दर्द को समझते हुए पर्यवेक्षकों को आश्वासन दिया कि शीघ्र इस मामले में निर्णय लिया जाएगा।

# 27 हजार राशन कार्डधारकों के लिए सिर्फ दस दुकानें, सालभर में एक भी नहीं खुलवा पाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

रायपुर को स्मार्ट सिटी और उपनगरिय व्यवस्था से जुड़े बिरगांव निगम को जिम्मेदार 22 साल में राशन दुकान की बेहतर सुविधा भी नहीं दे पाए। इससे 27 हजार राशन कार्ड धारकों को अभी भी 2003 में पालिका परिषद बनाते समय खोलवाई गई 10 दुकानों से ही खाद्यान वितरण किया जाता है। इससे प्रति राशन दुकानों में तय मानक से दोगुने हितग्राही जुड़े हैं। इसे देखते हुए निगम प्रशासन की मांग के एक साल बाद एक भी नई दुकान नहीं खोलवा पाए हैं। राजधानी से सटे बिरगांव निगम में मौजूदा सुविधा और संसाधनों का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि यहां अभी भी 22 साल पुरानी राशन वितरण व्यवस्था है। 2003 में जब बिरगांव नगर पालिका थी, तब करीब 7 हजार राशन कार्डधारक थे। उनके लिए 35 वार्डों में सिर्फ 10 राशन दुकानों का संचालन शुरू हुआ। अभी आबादी के लिहाज से शासन ने करीब 10 साल पहले नगर निगम का दर्जा दे दिया। अभी 40 वार्डों में 27 हजार से ज्यादा हितग्राही हैं। इनके लिए अभी भी 10 दुकानों का ही संचालन किया जा रहा है। इससे राशन लेने के लिए मजदूरों को हर महीने रोजी-मजदूरी से छुट्टी लेनी पड़ती है। इसे देखते हुए निगम के प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने सालभर पहले की गई दुकान बढ़ाने की मांग के बाद कलेक्टर को त्वरित कार्यवाही के लिए ज्ञापन भी दिया है।

## बिरगांव निगम के 40 वार्डों में अभी भी परिषद द्वारा बनाई गई व्यवस्था से बांट रहे राशन

### नियमित रूप से संचालन नहीं

वार्ड प्रतिनिधियों की ओर से पार्षद एवं एमआईसी मेंबर इकराम अहमद ने ज्ञापन भी दिया। जिक्र किया कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, यहां के वार्डों में रहने वाले लोगों में श्रमिक अधिक है। इनका जीवन यापन दैनिक मजदूरी पर आश्रित है। राशन दुकानों की संख्या कार्डधारियों के हिसाब से बहुत कम है। इसके चलते राशन दुकानों में भीड़ होने और दुकानों के नियमित रूप से संचालन नहीं होने से श्रमिकों को भटकना पड़ता है। इसे देखते हुए 30 नई दुकानें खोलने की मांग ओमप्रकाश साहू, उबारन दास बंजारे सहित आधा दर्जन प्रतिनिधियों ने की है।



### खाद्य विभाग से जानकारी नहीं मिली

राशन दुकानों की संख्या बढ़ाने की जरूरत को देखते हुए जिला खाद्य शाखा को पूर्व में अवगत कराया है। अभी तक नई दुकानों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है, जल्द ही प्रक्रिया की जाएगी।
- **युगल किशोर उर्वशा,** आयुक्त, नगर निगम. बिरगांव

## जिनकुशल श्री महिला मंडल दल्लीराजहरा द्वारा किया गया आयोजन

# तीर्थंकर परमात्मा भगवान मल्लीनाथ जैन मंदिर जामगांव आर में हुआ 31वां ध्वजारोहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

तीर्थंकर परमात्मा भगवान मल्लीनाथ जैन मंदिर जामगांव आर में 31 वां ध्वजारोहण समारोह रविवार को हुआ। विधिकारक सुनील बुरड़ दल्लीराजहरा के मार्गदर्शन में जिनकुशल श्री महिला मंडल दल्लीराजहरा की टीम शांति बुरड़, सरला बुरड़, संगीता लूनिया, भारती लूनिया, शोभा चौरड़िया ने संसंगित सत्रह भेदी पूजा और ध्वजारोहण भव्यता के साथ विधि विधान से कराए। सत्रह भेदी पूजा के पहले स्नात्र पूजा केसर पूजा ब्रास पूजा भक्तों ने किया।

ध्वजारोहण समारोह के लाभार्थी लक्ष्मी देवी, मनीष आशीष, नीतीश बैद जामगांव आर थे। परमात्मा की मूर्ति श्रृंगार के लिए कचरी देवी स्व गंभीरमल गोलछा बिलासपुर द्वारा हार भेंट किया गया। ध्वजारोहण के बाद जैन भवन जामगांव आर में बहुमान समारोह आयोजित कर अतिथि देवो भवः की तर्ज पर विधिकारक और महिला मंडल का बहुमान किया गया। ध्वजारोहण समारोह में प्रेमचंद सुनीता रानी चौरड़िया शीतल जैन सौरभ राठी विनोद राठी सहित मूर्तिपूजक जैन श्री संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

**गलत कर्म करके अच्छा फल चाहना बेमानी है:** विधिकारक सुनील बुरड़ ने कहा कि दुर्लभ मानव जीवन आत्मा को परमात्मा बनाने के लिए शानदार प्लेटफार्म है। आत्मा को परमात्मा बनाने का रास्ता कर्म आधारित है।



कर्म अच्छा करोगे तभी अच्छा फल मिलेगा। गलत कर्म करके अच्छे फल की इच्छा रखना बेमानी है।

### अतिथियों का हुआ बहुमान

बहुमान समारोह में अतिथियों का बहुमान लक्ष्मी देवी, श्वेता रेखा, मनीष बैद, गोवर्धन चंद कोचर, भारती कोचर, सुरेश सुशीला जैन, चंद्र कैलाश, ममता बैद आसकरण, निर्मला गोलछा, ने किया।संचालन एके गोलछा आभार भारती कोचर श्वेता बैद ने किया।

### रात्रि में भक्ति संध्या हुआ

19 वें भगवान मल्लीनाथ मंदिर जामगांव आर के 31वा वार्षिक उत्सव के पावन अवसर भक्ति संध्या का आयोजन हुआ। जैन श्री संघ के सदस्यों ने स्तवन भक्ति किया। जिसमें चंद्रकैलाश बैद भारती कोचर, सुरेश सुशीला बैद, एके जैन, निर्मला जैन, लक्ष्मी देवी, मनीष, श्वेता, रेखा बैंद, प्रेमचंद, सुनीता चौरड़िया परिवार शामिल हुए।

### भ्रम में नहीं रहें आत्मा आपके सारे कर्मों की साक्षी है

बहुमान समारोह में कोकिलकन्ठी शांति बुरड़ ने कहा कि हंस हंस कर्म बांधने वालों को संभलना चाहिए, क्योंकि जब कर्मफल उदित होगा, तब रो रोकर छूटना पड़ेगा। रोटी कपड़ा और मकान की पूर्ति के बाद जब धन की हवस भरी लालसा बढ़ने लगती है, तब कर्मों का बंध तेज गति से बंधने का क्रम जारी हो जाता है। सरला बुरड़ ने कहा कि जीवन को आनंदमय जीने के लिए प्यार बांटते चलना चाहिए। संगीता लूनिया ने कहा कि दुर्लभ जीवन में चेतना जगा कर जिए व्यर्थ नहीं गवाए। भारती लूनिया ने कहा कि आत्मा आपके सारे भले बुरे कर्मों को देखती है। भूल में नहीं रहें कि कर्मों की कौन गवाही है। शोभा चौरड़िया ने कहा कि अच्छे धर्मयुक्त कर्म ही जीवन को आनंदित करती है। जैसे भगवान मल्लीनाथ के दरबार में आज आनंद आ गया। जैन श्री संघ अध्यक्ष चंद्रकैलाश बैद पंक्तियों में अपने विचार संदेश दिए।

## पदोन्नति में आरक्षित वर्ग के अधिकारी, कर्मचारी की उपेक्षा, आंदोलन करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ ने विद्युत कंपनी प्रबंधन पर पदोन्नति में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के कर्मचारियों व अधिकारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी, अध्यक्ष आरएन ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष एचके मेश्राम ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि राज्य सरकार द्वारा पदोन्नति में आरक्षण को लेकर 16 अप्रैल 2024 को जारी हाईकोर्ट के निर्देश अनुसार आरक्षण नियम के नियम 5 को अधिसूचित करने पिंगुआ कमेटी का गठन किया गया है। वहीं विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा छत्तीसगढ़ शासन से अनुमोदन प्राप्त किये बिना सामान्य पदोन्नति की प्रक्रिया काल्पनिक वरिष्ठता के आधार पर किया जा रहा है। अनुसूचित जाति व जनजाति के वरिष्ठ कर्मचारी व अधिकारी को दरकिनार कर कनिष्ठ सामान्य वर्ग के कर्मचारियों व अधिकारियों को लाभान्वित किया जा रहा है, पदोन्नति आदेश भी जारी कर दिये गये हैं। इससे संघ के पदाधिकारी व सदस्यों के साथ ही प्रदेश के अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग में आक्रोश व्याप्त है।

■ विद्युत कंपनी प्रबंधन पर तानाशाही रवैया अपनाने का लगाया आरोप

## डेढ़ दशक से टैंकर मुक्त करने का प्लान, करोड़ों खर्च के बाद भी किराये के टैंकर, कल खुलेगा टेंडर




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर को टैंकर मुक्त करने का प्लान इस बार भी धड़ाम हो गया है। सोमवार को गांधी सदन में किराये के टैंकर की दर तय करने टेंडर खोला जायेगा। सबसे कम रेट कोड करने वाले ठेकेदार को गर्मी के सीजन में शहर के पेयजल संकट प्रभावित इलाके में डिमांड हिसाब से किराये के पानी टैंकर भेजने प्रति टैंकर की दर से किराये का भुगतान किया जायेगा। नगर निगम के जल विभाग ने गर्मी के किराये के टैंकर से पानी सप्लाई करवाने 50 लाख रुपये का टेंडर किया है, जबकि गत वर्ष 1 करोड़ 58 लाख रुपये इस कार्य में खर्च किये गये। यानी करोड़ों खर्च करने के बाद भी रायपुर शहर के 70 वार्डों में आम जनता की प्यास बुझाने 12 महीने पीने का साफ पानी पहुंचाने निगम प्रशासन फेलवर साबित हुआ है।

जल विभाग के अफसरों ने दावा किया था कि गर्मी सीजन में शहर में किराये के पानी टैंकर की जरूरत नहीं पड़ेगी, नई पाइप लाइन बिछाने और 24 घंटे जल आपूर्ति योजना से लोगों को पर्याप्त पेयजल आपूर्ति होगी। पर इसकी स्थिति उलट है। सूत्रों के मुताबिक गर्मी में 30 से 35 किराये के पानी टैंकर की जरूरत जलसंकट प्रभावित इलाकों में पड़ सकती है। यही वजह है कि निकाय चुनाव की आचार संहिता से पहले निगम ने किराये के पानी टैंकर के लिए टेंडर जारी कर दिया। अब एजेंसी तय कर डिमांड के हिसाब से जोनवार किराये के पानी टैंकर भेजने की व्यवस्था होगी। 10 जोन कमिश्नरी से 70 वार्डों में पेयजल संकट वाले इलाकों को चिन्हित कर सूची मंगाने की तैयारी है।

### 24 घंटे जल आपूर्ति योजना में 130 करोड़ खर्च, काम अधूरा

रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के तहत शहर के 15 वार्डों में नई पाइप लाइन बिछाकर 24 घंटा लोगों के घरों में नलों के माध्यम से पानी पहुंचाने की योजना 2 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। मोतीबाग पानी टंकी और गंज मंडी पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर अनुबंधित एजेंसी ने 176 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाई। इंटर कनेक्शन किया, वाटर मीटर भी लगाने तत्परता दिखाई। इसके बाद भी गर्मी में इस प्रोजेक्ट का लाभ शहर के 15 वार्ड के रहवासियों को मिलने में संशय बना है। जबकि 130 करोड़ रुपये इस प्रोजेक्ट में खर्च हो रहा है। इसी तरह अमृत मिशन योजना के तहत करीबन 1 लाख 75 हजार घरों में नई पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने के बाद भी अपेक्षा अनुरूप पानी का प्रेशर नहीं बढ़ पाया है।

## प्राचीन चिकित्सा आयुर्वेद ने दिलाई बच्चे को प्रोटीन्यूरिया जैसी गंभीर बीमारी से मुक्ति

*शर्मीले स्वभाव का था मासूम स्कूल में डांट के डर से रोक लेता था यूरिन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शर्मीला स्वभाव और डांट पड़ने के डर से स्कूल में यूरिन रोकने की गलत आदत की वजह से सात साल का धनवीर प्रोटीन्यूरिया से पीड़ित हो गया। एलोपैथी की दवाओं के माध्यम से इलाज का बेहतर परिणाम नहीं आने पर माता-पिता उसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति से राहत दिलाने शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय ले गए। इलाज की लंबी प्रक्रिया के बाद धनवीर को इस गंभीर बीमारी से राहत मिली। प्रोटीन्यूरिया किडनी की एक प्रमुख और गंभीर बीमारी है, जिससे किडनी के माध्यम से शरीर का सबसे




महत्वपूर्ण तत्व प्रोटीन पेशाब के माध्यम से बाहर चला जाता है। इसके गंभीर परिणाम के रूप में भविष्य में हृदय संबंधी रोग होने की आशंका भी बनी रही रहती है। माना में रहने वाले सुरक्षा बल के जवान संतोष कोरी ने बताया कि अक्सर बीमार रहने की वजह से धनवीर का स्कूल जाना छूट गया था। माता-पिता उसे डाक्टर के पास ले गए तो इस समस्या का पता चला। काफी दिनों तक इलाज चलने के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होता देख रिश्तेदारों की सलाह पर माता-पिता उसे लेकर शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय रायपुर के कौमारभृत्य-बालरोग विभाग के चिकित्सक डा. लवकेश चंद्रवंशी के पास पहुंचे। पिता संतोष कोरी ने बताया कि धनवीर बेहद शर्मीला स्वभाव का है। बचपन में स्कूल जाने के दौरान डांट पड़ने के डर से अक्सर यूरिन रोक लेता था, जिसके धीरे-धीरे गंभीर परिणाम सामने आने लगे थे।

### हो सकती थी बड़ी समस्या



मासूम धनवीर का इलाज करने वाले कौमार भृत्य (बाल रोग) विभाग के चिकित्सक डा. लवकेश चंद्रवंशी ने बताया कि बच्चे को जब लाया गया, तो वह कमजोर हो गया था। रोग के बारे में जानकर उसका इलाज पूरा किया गया। अभी इलाज नहीं होने पर भविष्य में इसके गंभीर परिणाम हो सकते थे।

## शिव संकटमोचन मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह आज से

**रायपुर।** साईंनगर जोरा में तीन दिवसीय 24 से 26 फरवरी तक श्री शिव संकटमोचन मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर संचालक मंडल के माध्यम से बताया गया है कि इस संपूर्ण प्राण प्रतिष्ठा समारोह में साईंनगर के अलावा कृषक नगर, प्रोफेसर कॉलोनी, जोरा, पिरदा और धरमपुरा आदि क्षेत्रों की जनता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सोमवार को सुबह 10 बजे से क्षेत्र की 101 महिलाओं के समूह द्वारा कलश यात्रा एवं भगवान का नगर भ्रमण होगा। इसके बाद पुजारियों द्वारा पूजा तथा अधिवास भी कराया जाएगा। दूसरे दिन 25 को पूजा, अधिवास और महाभिषेक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तीसरे दिन 26 को महाशिवरात्रि की पूजा हवन और प्राण-प्रतिष्ठा सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। इसके अलावा दोपहर 2 बजे से भंडारा प्रसाद की भी व्यवस्था होगी।

## निजी यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में बाहरी छात्रों के जबरन घुसने के विवाद पर मारपीट, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खरोरा थाना क्षेत्र में संचालित एमिटी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों के साथ बाहरी लड़कों द्वारा मारपीट करने की घटना सामने आई है। मारपीट से आहत युवक की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। मारपीट की घटना विश्वविद्यालय परिसर में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुई है।

मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ है। सक्ति निवासी आदित्य अग्रवाल की शिकायत पर पुलिस ने रणवीर सिंह तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट करने का अपराध दर्ज किया है।

## सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी एक साल से अधिक समय से बंद

# मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियां रामभरोसे, कैमरे बंद कर्मचारी तैनात, पर रजिस्टर में आने-जाने की एंट्री नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट के समीप रेडक्रास भवन के सामने करोड़ों रुपए खर्च कर बनाई गई सिक्स लेयर मल्टीलेवल पार्किंग में सुरक्षा व्यवस्था अब पूरी तरह से रामभरोसे है। इस मल्टीलेवल पार्किंग में गाड़ियों की सुरक्षा के लिए कुछ कर्मचारियों को तैनात तो किया गया है, लेकिन उनके द्वारा रजिस्टर तक मेंटेन नहीं किया जा रहा है, जिससे पार्किंग में पार्क की जाने वाली गाड़ी का नंबर, आने-जाने का समय कुछ भी नोट नहीं किया जा रहा है। यही नहीं, मल्टीलेवल के सभी लेयर में गाड़ियों की सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी एक साल से अधिक समय से बंद पड़े हुए हैं। इन कैमरों को भी चालू नहीं किया जा रहा है। इन कारणों से पार्किंग में गाड़ी चोरी होने की संभावना भी हमेशा बनी रहती है।



### पार्किंग निशुल्क इसलिए बिल्डिंग का मेंटेनेंस नहीं सफाई व्यवस्था भी ठप

मल्टीलेवल पार्किंग को जब से निःशुल्क किया गया है, तब से इस बिल्डिंग का मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण इस बिल्डिंग के प्लास्टर भी उखड़ने लगे हैं। पार्किंग में साफ-सफाई व्यवस्था भी ठप है, जिससे ग्राउंड से लेकर अन्य लेयर पार्किंग में भी धूल और गंदगी पसरी रहती है।

### कई कैमरे चोरी हो चुके

मल्टीलेवल पार्किंग में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब नहीं हुए थे, बल्कि पार्किंग को जब से निःशुल्क किया गया है, तब से इन कैमरों का मेंटनेंस करना ही बंद कर दिया गया है। कैमरों के मेंटनेंस के लिए यहां मल्टीलेवल के ग्राउंड पार्किंग के मुख्य गेट के पास सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के लिए कम्प्यूटर रूम बनाया गया है। इस रूम से ही कैमरों की निगरानी की जाती थी और खराबी आने पर उसे मेंटनेंस किया जाता था, लेकिन यह रूम भी सालभर से बंद पड़ा हुआ है। विधानसभा चुनाव के दौरान इस रूम पर ताला लगा दिया गया है, जिसके कारण कैमरे भी बंद पड़े हुए हैं। कैमरे बंद होने के कारण मल्टीलेवल पार्किंग के फस्ट, सेकेंड लेयर में लगे कई कई कैमरे चोरी भी हो चुके हैं। सूत्रों के अनुसार कैमरे चोरी होने की थाने में रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कराई गई है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि पार्किंग में गाड़ियां कितनी सुरक्षित हैं।

## लव जिहाद, धर्म परिवर्तन और गोहत्या पर सांसद बृजमोहन सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राज्य में बढ़ते धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और गोहत्या के मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कठोर कानून बनाने की मांग की है। सांसद बृजमोहन ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि धर्म हमारी संस्कृति की आधारशिला है और गोसेवा इसका अभिन्न अंग है लेकिन हाल ही में छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण और गो-तस्करी के मामले सामने आए हैं, जो सनातन मूल्यों के लिए एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि विदेशी फंडिंग के जरिए प्रलोभन, छल और भय के आधार पर धर्मांतरण को एक उद्योग के रूप में संचालित किया जा रहा है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की शह पर न केवल आदिवासी इलाकों में, बल्कि छत्तीसगढ़ के गांवों और शहरी क्षेत्रों में भी ईसाई मिशनरियों द्वारा गरीब और असहाय वर्ग के लोगों को लालच देकर मतांतरण कराया गया है। साथ ही लव जिहाद के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी गई है, जिसमें रायपुर सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में षड्यंत्रपूर्वक धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 25 (1) के अनुसार, प्रत्येक नागरिक को धर्म की स्वतंत्रता प्राप्त है, लेकिन अनुच्छेद 25 (2) के तहत राज्य को यह अधिकार है कि वह लोक व्यवस्था, सदाचार और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए धर्म परिवर्तन के अवैध कार्यों पर रोक लगाने के लिए कठोर कानून बना सके।

## खबर संक्षेप

### मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की जनदर्शन में महिला ने की शिकायत

दुर्ग। औषधि प्रशासन विभाग की एक महिला कर्मी ने कलेक्टर जन दर्शन में मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना किए जाने की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में की है। पीड़ित महिला ने अपने विभाग के उच्च अधिकारियों पर इस तरह के आरोप लगाए हैं। महिला कर्मी ने इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर से की है। इस मामले में सीएमएचओ डॉक्टर मनोज दानी का बयान सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। जिसके अनुसार उन्होंने कहा है कि एक महिला ने कलेक्टर जन दर्शन में शिकायत की है। उनका कहना था कि उनके संज्ञान में आया था कि महिला महिला ने विभाग में कार्य अधिक होने के कारण इस तरह की शिकायत की थी। महिला कर्मी के इस मसले को लेकर उच्च अधिकारियों का गोल-मल जवाब सामने आ रहा है। जिसे लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बहरहाल इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों का निलंबन

दुर्ग। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्वाचन कार्य में कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरतने व लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 20 (क) तथा सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के विपरीत कार्य किये जाने के फलस्वरूप शिक्षक राजेश ठाकुर प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला घसरा (विकास खंड धमधा), शिवनारायण पटेल, शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खेरदा (विकास खंड धमधा), रजनीश महोबे सहा. ग्रेड-03 शास. उ.मा. शाला तिरगा (विकास खंड धमधा), धर्मेन्द्र कुमार सहा. शिक्षक शास. प्रा. शाला केम्प-2, भिलाई और बसंत यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर पालिका परिषद अहिवारा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता पाने की पात्रता होगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

भिलाई। बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2024-2025 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की दक्षता बढ़ाने के लिए विद्युत सिस्टम के यथोचित रखरखाव पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नवम्बर 2024 से मार्च 2025 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनशिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और मेंटेनेंस, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का मेंटेनेंस, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं।

### हादसा : दानीटोला मोड़ के पास हुई दुर्घटना

# कार और ट्रक में आमने-सामने की भिड़ंत, एक की मौत, दूसरा घायल






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम दानीटोला मार्ग पर शादी से लौटने के दौरान मोड़ के आगे कार और ट्रक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए हैं। वहीं, कार में सवार दो लोगों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरे का अस्पताल में इलाज जारी है। कार की बगल वाली सीट पर बैठे भिलाई निवासी लखन सोना के अनुसार दोस्त नंदकिशोर वर्मा के साथ 22 फरवरी को दल्लीराजहरा में शादी कार्यक्रम का फोटो, विडियो शूट करने गये थे। वहां से रात में दल्लीराजहरा से कार क्रमांक सीजी 07 एलआर 8800 से भिलाई जा रहे थे। कार को नंदकिशोर वर्मा चला रहा था। दानीटोला मोड़ के आगे पहुंचे थे, तभी रात लगभग 2 बजे बालोद की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीआर 0516 ने ठोकर मार दी। इससे कार उछल कर रोड किनारे गिर गई।

दुर्घटना के कारण नंदकिशोर वर्मा गाड़ी की स्टेयरिंग में फंस गया, जिसके उसके सिर सहित अन्य जगह में चोट लगी थी। उसे राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया और 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक पावर हाऊस भिलाई का निवासी बताया जा रहा है।

### ट्रक चालक फरार, तलाश जारी

थाना प्रभारी रविशंकर पांडे ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# एनएसएस शिविर में डिजिटल साक्षरता और खेलों के महत्व पर हुआ कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बीआईटी दुर्ग द्वारा ग्राम भानपुरी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन, 23 फरवरी को, डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता, खेलों के महत्व और सामाजिक विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। शिविर का संचालन डॉ. अरुण अरोड़ा, प्राचार्य, बीआईटी दुर्ग, तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शबाना नाज़ सिद्दीकी और श्री अभिजीत लाल के मार्गदर्शन में किया गया। इसके अलावा, डॉ मुकेश चंद्राकर, सहायक प्राध्यापक, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग ने भी इस शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई।

चौथे दिन की प्रमुख गतिविधियों में स्टूल पेंटिंग शामिल रही, जिसे सुंदर रूप देकर ग्रामीणों में वितरित किया गया। इसके साथ ही, विद्यालय परिसर के मंदिर को सजाने और क्यारी निर्माण का कार्य भी किया गया, जिससे परिसर को अधिक स्वच्छ और आकर्षक बनाया जा सके। इसके अलावा, ग्राम सर्वेक्षण के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को डिजिटल साक्षरता के महत्व से परिचित कराया और उन्हें साइबर सुरक्षा व डिजिटल खतरों से सचेत रहने के उपाय भी बताए। खेलों के महत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री इकबाल खान (अध्यक्ष, बास्केटबॉल एसोसिएशन, दुर्ग, छत्तीसगढ़) द्वारा खेलों का जीवन में महत्व विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों को खेलों की भूमिका, उनके मानसिक और शारीरिक लाभों के बारे में जागरूक किया। एनएसएस बीआईटी दुर्ग का यह विशेष शिविर समाज सेवा, शिक्षा और डिजिटल जागरूकता के माध्यम से ग्रामीण विकास में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

# स्काउट-गाइड के संस्थापक बेडेन पावेल के जन्मदिन पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिवस पर सेजस विद्यालय दुधली में 22 फरवरी को चिंतन दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव के मार्गदर्शन एवं स्काउटर मिलन सिंह सिन्हा के नेतृत्व में सुभाष दल, रानी लक्ष्मी बाई दल, रानी दुर्गावती दल, भगत सिंह दल के स्काउट गाइड रोवर रेंजर तथा सभी विंग के लीडर्स से सर्व धर्म प्रार्थना सभा में भागीदारी की।

उसके बाद सभी स्काउट गाइड द्वारा हाथ धुलाई एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला आयुक्त गाइड दुर्गेश नंदिनी यादव ने बताया कि बेडेन पावेल का जन्म 22 फरवरी 1857 को स्टैन पोल लंदन में हुआ था। स्काउट गाइड का संचालन भारत के अलावा भी अनेक देशों में संचालित है। इससे विद्यार्थी जीवन से अनुशासन एवं सेवाभाव सीखते हैं। उक्त आयोजन पर जिला सचिव केएल गजेंद्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर ने शुभकामनाएं प्रेषित की। सेजस विद्यालय दुधली के स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा, गाइड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रोवर लीडर रामनारायण राणा, रेंजर लीडर रेखा ठाकुर एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

# बाजार में पहुंच रहा पीडीएस का चावल

## शासकीय बोरों को बदलकर की जा रही है गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

पीडीएस के चावल का बड़ा खेल इन दिनों दल्ली राजहरा के बाजारों में चल रहा है। शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में गरीबों को मिलने वाले चावल की अब अमीरों को घर पहुंच सेवा दी जा रही है। घर पहुंच सेवा इस तरह की है कि 2 पहिया वाहनों में लोगों की आंखों में धूल झोंककर खुलेआम धोखाधड़ी की जा रही है।

शासकीय बोरों को बदल दिया जाता है, निजी बोरे लगा दिए जाते हैं। सफेद बोरे होने की वजह से लोगों को शक भी नहीं होता है और दोपहिया वाहन में लाखों करोड़ों का शासकीय चावल का खेल हर महीने चल रहा है। वहीं, कार्रवाई नहीं होने के कारण अवैध कार्य करने वालों के हौसले बुलंद हो गए हैं। पूर्व में शिकायत के आधार पर खाद्य विभाग बालोद ने चावल की अफ़रा-तफ़री और खुलेआम चावल मार्केट में बेचे जाने को लेकर कड़ी कार्रवाई की थी। कार्रवाई के बाद कुछ दिनों तक अवैध कार्य करने वाले शांत रहे, लेकिन अब उनके हौसले फिर से बुलंद हो गए हैं और गरीबों का चावल शासकीय बोरों को बदलकर न्यू मार्केट के चावल बाजार में खुलेआम बेचा जा रहा है।

### अब सीएम से शिकायत की तैयारी

नाम नहीं छापने की शर्त पर जानकार सूत्रों ने बताया कि शिकायत दर्ज करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। अब दर्जनों प्रभावित लोगों ने नागरिक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जिला प्रशासन या भ्रष्टाचार निरोधक विभाग में शिकायत करने की तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल के अलावा बालोद जिला कलेक्टर सहित संबंधित लोगों को शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

### हेल्पलाइन नंबर पर कर सकते हैं शिकायत : ठाकुर

इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने कहा कि दल्ली राजहरा शहर में पूर्व में शिकायत प्राप्त हुई थी, कि शासकीय चावल के बोरों को बदलकर खुले मार्केट में बेचा जा रहा है। शिकायत के आधार पर छापामार कार्रवाई की गई थी, परंतु अगर अब भी इस तरह की शिकायत आ रही है, तो आगामी दिनों में आकस्मिक छापामार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता चाहें, तो हमें शिकायत कर सकते हैं या हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कर सकते हैं। सरकार द्वारा राशन से जुड़ी गड़बड़ियों की शिकायत के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध होते हैं।

# सहगांव के सरपंच बने भूषण लाल ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



डौण्डीलोहारा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत सहगांव से सरपंच पद के प्रत्याशी भूषण लाल देवांगन ने प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की। सरपंच चुने जाने की खुशी में ग्राम सहगांव में भव्य विजय जुलूस निकाला गया। ग्रामीणों ने पुष्प माला से स्वागत किया। वहीं, बाजा की धुन पर नृत्य करते हुए झूम उठे। इस अवसर पर सरपंच भूषण लाल ने कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता व ग्राम विकास के लिए कार्य करना है। बता दें कि ग्राम पंचायत सहगांव में सीमा पिस्दा, रुनीता पिस्दा, इंदू पिस्दा, होरी लाल चुरेन्द्र, अंजनी चुरेन्द्र, बीरम बाई, सुनीता शांडिल्य साधना बाई पिस्दा, रुपकुंवर चुरेन्द्र व नरसिंह निषाद पंच चुने गए हैं। समस्त ग्रामवासियों ने नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### बीएसपी प्रबंधन के खिलाफ श्रमिक सोसायटी एकजुट

भिलाई। बीएसपी कांट्रेक्टर एंड लेबर वेलफेयर सोसायटी की आमसभा सेक्टर-7 स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यकारिणी में कांट्रेक्टर एवं श्रमिकों के हित में रखी गई। बीएसपी प्रबंधन द्वारा एक तरफा मनमानी किए जाने की स्थिति मे सभी कांट्रेक्टर से एकजुटता का आह्वान किया क्योंकि भिलाई इस्पात संयंत्र *प्रबंधन मे श्रमिकों की भागीदारी* की बात तो करता है लेकिन लाभ की स्थिति मे श्रमिकों को दरकिनार कर देता है इसलिए टेंडर मे ही न्युनतम वेज के प्रावधान से लेकर क्वाटर,तथा चिकित्सा सुविधा प्रदान करना प्रबंधन ही सुनिश्चित करें आमसभा मे प्रमुख रूप से अध्यक्ष सीजू एंथोनी, कार्यकारी अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, तारक सत्यदेव,विवेक कुमार, सैय्यद मीराज अली सहीत सैकड़ों की संख्या मे कांट्रेक्टर सदस्य मौजूद थे।

# गर्मी बढ़ने के साथ बढ़ी मिट्टी के घड़ों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





दल्लीराजहरा में गर्मी बढ़ने के साथ देसी फ्रिज घड़े की दुकान सज गई है। ठंडा पानी पीने के लिए लोग घड़ा खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। न बिल का झंझट न बिजली का इंतजार, पानी भरते ही कुछ ही घंटों में लोगों को ठंडा पानी मिलने लगता है। गुप्ता चौक मार्केट स्थित कुम्हार पसरा, में मिट्टी के बर्तन घड़ा व सुराही मिलने लगे हैं। हालांकि इस व्यवसाय से जुड़े लोगों को कहना है कि पहले से अब काफी अंतर आ गया है लेकिन गर्मी शुरू होते ही घड़ों के खरीदार बढ़ जाते हैं।

■ नगर के बाजारों में सजी देसी फ्रिज की दुकानें

मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार बताते हैं कि बचपन में बर्तन बनाने के लिए मिट्टी नादियों के किनारे से लाई जाती थी। काली मिट्टी से बनने वाले बर्तन काफी मजबूत होते थे। उन बर्तनों में पानी भरने पर पानी में गजब की सोंधी खुशबू आती थी लेकिन अब बर्तन बनाने के लिए मिट्टी बहुत मुश्किल से मिलती है। खेत एवं जंगलों से मिट्टी लानी पड़ती है।

### दल्लीराजहरा में 50 से 100 रुपये तक बिक रहे घड़े

घड़े 50 रुपये से 100 रुपये तक बिक रहे हैं। अभी भी शहर में बहुत से ऐसे लोग हैं जिनके घर पर फ्रिज नहीं है। गर्मी में ठंडा पानी के लिए घड़ा खरीदा जाता है। लोगों की मांग पर सुराही भी तैयार की जाती है। राम बाई, कल्पना और रोहित, उपेंद्र संतोष कुमार कुम्हार बताते हैं कि अब बर्तन बनाना काफी महंगा हो गया है। इसलिए मुनाफा भी कम हो गया है। एक घड़ा बनाने में करीब 20 रुपये की लागत आती है। मेहनत अलग से है। बस गुजारा हो जाता है। रोजाना औसत एक दुकान पर आठ से दस घड़े की बिक्री हो रही है। दल्ली राजहरा सहित क्षेत्र में देसी घड़े, जिसे लोग देसी फ्रिज के नाम से जानते हैं। रविवार को बाजार होने से पूरे दिन रही घड़ों की मांग

### घड़े का पानी पीने के हैं कई फायदे

गर्मी के मौसम में मिट्टी के मटकों की मांग बढ़ जाती है। इसे देसी फ्रिज भी कहा जाता है। मिट्टी के मटकों का पानी, फ्रिज से कम ठंडा नहीं होता और इसका स्वाद भी बेहतर होता है। मिट्टी के मटकों का पानी सेहत के लिए भी फ़ायदेमंद होता है। गर्मी में लोगों को ठंडक चाहिए होती है, इसलिए, वे मिट्टी के मटकों का पानी पीना पसंद करते हैं। वहीं, मिट्टी के मटके प्राकृतिक पदार्थ से बने होते हैं, इसलिए ये शुद्ध माने जाते हैं। मिट्टी के मटकों में पानी रखने से शीतलता के साथ-साथ कई खनिज लवण शरीर को मिलते हैं।

# भगवान शिव की तपस्या भंग करने के प्रयास में भस्म हो गए कामदेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



### दूल्हा व बारातियों को देख महारानी मैना ने पुत्री का विवाह करने से किया मना

विवाह की बात तय होने के बाद भगवान शिव की बारात की तैयार हुई। इस बारात में देवता, दानव सभी लोग शामिल हुए। भगवान शिव की बारात में भूत पिशाच भी पहुंचे और ऐसी बारात को देखकर पार्वती जी की मां बहुत डर गईं और कहा कि वे ऐसे वर को अपनी पुत्री को नहीं सौंप सकती हैं। तब देवताओं ने भगवान शिव को परंपरा के अनुसार तैयार किया, सुंदर तरीके से श्रृंगार किया इसके बाद दोनों का विवाह संपन्न हो गया। आज शिव महापुराण कथा का समापन और शिव जी का महाअभिषेक होगा साथ ही साथ महा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

भगवान शंकर की लीला अपरंपार है। मां पार्वती की महिमा का वर्णन करने में शास्त्र भी थक जाते हैं। शास्त्रों में भगवान शिव और मां पार्वती को श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बताया गया है। घनीभूत श्रद्धा के प्रतिबिम्ब भोले शंकर और भगवती पार्वती के पुत्र कार्तिकेय ने ही तारका सुर का वध कर संसार को असुर के अत्याचार से मुक्त कराया था। शिव की समाधि को मन्मथ के माध्यम भंग किया गया, ताकि श्रद्धा के साथ विश्वास का विवाह हो सके। आयोजक शंकर भोला महिला भजन मंडली एवं समस्त ग्रामवासी अण्डा गुरुवार बाजार चौक में श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। व्यासपीठ आचार्य पं. महेन्द्र पाण्डेय ने श्री शिव महापुराण कथा इसके अलावा शबरी और भगवान श्रीराम और भरत का प्रसंग बताया गया।

उन्होंने शिव एवं सती के विवाह के बारे में बताया कि भगवान शिव के विवाह के बारे में पुराणों में वर्णन मिलता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने सबसे पहले सती से विवाह किया था। भगवान शिव का यह विवाह बड़ी जटिल परिस्थितियों में हुआ था। सती के पिता दक्ष भगवान शिव से अपने पुत्री का विवाह नहीं करना चाहते थे, लेकिन ब्रह्मा जी के कहने पर यह विवाह सम्पन्न हो गया। एक दिन राजा दक्ष ने भगवान शिव का अपमान कर दिया जिससे नाराज होकर माता सती यज्ञ में समाहित हो गईं। इसके बाद भगवान शिव तपस्या में लीन हो गए। उधर माता सती ने हिमवान के यहां पार्वती के रूप में जन्म लिया। तारकासुर नाम के एक असुर का उस समय आतंक था। देवतागण उससे भयभीत थे। तारकासुर को वरदान प्राप्त था कि उसका वध सिर्फ भगवान शिव की संतान ही कर सकती है। उस समय भी भगवान शिव अपनी तपस्या में लीन थे। तब सभी देवताओं ने मिलकर शिव और पार्वती के विवाह की योजना बनाई। भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के लिए कामदेव को भेजा गया, लेकिन वह भस्म हो गए। देवताओं की विनती पर शिव जी पार्वती जी से विवाह करने के लिए राजी हुए।

# कलेक्टर व सीईओ ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

बालोद । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं सीईओ जिला पंचायत एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने रविवार को तीसरे एवं अंतिम चरण के मतदान के अंतर्गत गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने मतदान केन्द्र भूलनडबरी, धनेली, बोडरा, भोथली, कोसागोंदी, अरमरीकला, बेलोदी, हल्दी एवं सिकोसा का निरीक्षण कर मतदान के कार्यों का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने मतदान अधिकारियों से मतदान के संबंध में आवश्यक जानकारी ली और मतदान कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्र में उपस्थित मतदाताओं से बातचीत कर मतदान केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
NABH CERTIFIED
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अरमरीकला में मतगणना के दौरान हुआ विवाद

**गुरूर।** ग्राम पंचायत अरमरीकला में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, लेकिन मतगणना के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। विवाद के चलते मतगणना बहुत समय तक रूकी रही। उच्च अधिकारियों के आने के बाद ग्रामीणों की शिकायतों व शंका का समाधान करने के बाद मतगणना प्रारंभ हो सकी।

### साल्हेटोला में मानसगान प्रतियोगिता आज से

**बालोद।** ग्राम साल्हेटोला में शिव पार्वती मंदिर व नव जागरण बाल युवा समिति द्वारा 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय सस्वर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के अंतर्गत पुरुष एवं महिला वर्ग में पृथक-पृथक प्रथम पुरस्कार 2025 रूपये, द्वितीय 1725, तृतीय 1525 रूपये रखा गया है। इसके साथ ही अन्य पुरस्कार भी रखे गए हैं।

### बस की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही बस ने बाइक सवार को अपने चपेट में लिया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि 21 फरवरी की शाम साईं मंदिर धमधा दुर्ग से धमधा की ओर जा रही बस सीजी 07 ई 6112 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सीजी 07 एल 2750 के चालक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में अज्ञात बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। गौरतलब हो कि जिले में सड़क हादसा लगातार बढ़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस इस रोकने में पूरी तरह असफल हो रही है। माहभर में जिले में हादसे में दर्जन भर से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। ट्रैफिक पुलिस सिर्फ हेलमेट का चालान काटने में मस्त है।

### गांजा तस्करी से कमाकर खरीदी संपत्ति फ्रीज

**भिलाई।** अवैध रुप से रखकर गांजा बेचने की कमाई से लिए गए संपत्ति को सफेमा के तहत कार्रवाई किया जा रहा है। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि दिसंबर 2024 को मी सूचना पर तिरुपति दुर्ग निवासी सुमन बारले (पाण्डेय) ने किराये के मकान में गांजा रखकर बेच रही थी। पुलिस ने सुमन और पति शैलेन्द्र पाण्डेय,छोटी बहन अपचारी बालिका को पकड़ा था। सुमन मकान से 8 नग पैकेट में सेलोटेप से लिपटा गांजा और बिक्री रकम 68 हजार 200 रूपयेजब्त किया। पुलिस को गांजा का कुल 16.782 किलो ग्राम मिला था। आरोपी सुमन बारले ने बयान दिया था कि परिवार के सदस्य पिता संतोष बारले , बहन दीपाली बारले , दादी रामबाई बारले, भाई अपचारी बालक गांजा और शराब लंबे समय से बेचते है। इस कारोबार से बाइक , एक्टीवा, सोने चांदी के जेवरात, नजुल सीट की भूमि खरीदा गया। जिसमें मकान निर्माण किया गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने अपराध क्रमांक 660/2024 धारा 20(ख),27(क) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। इस अवैध कारोबार से अर्जित धन को धारा 68 एफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर प्रतिवेदन सफेमा कोर्ट मुंबई को भेजा गया।

### श्रमिक के ऊपर लोहा गिरने से मौत

**भिलाई।** मजदूर की काम करते समय भारी वजनदार पार्टस श्रमिक के सीने में गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना शुक्रवार की सुबह की है लेकिन कंपनी प्रबंधन ने परिजनों को शाम की जानकारी दी। शनिवार को शव को पीएम के लिए सुपेला लाया गया है। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। मामले की जांच में पुलिस जुटी हुई है।

## निधन

### विनोद नेताम



**बालोद।** नगर के वार्ड क्रमांक 6 पांडेपारा निवासी विनोद नेताम का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रामबाबू, पंकज, बलराम और शुभम के पिता थे।

---

**अभियान : सामाजिक संस्था सहयोग ने किया पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

# चौपाटी स्थित तालाब किनारे लोगों ने अपने परिजनों की स्मृति में लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर की सामाजिक संस्था सहयोग ने वृहद रूप से जिला मुख्यालय स्थित भोजली तालाब किनारे चौपाटी में कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया। संस्था का इस वर्ष का पांचवां पौधारोपण अभियान था। यह पौधारोपण उक्त स्थल आमजनों ने अपने परिजनों की स्मृति में किए हैं और इस का नाम सामाजिक संस्था सहयोग ने स्मृति वाटिका रखा है। इस दौरान 60 पौधे 30 दानदाताओं के सहयोग से परिजनों की स्मृति में पौधारोपण और संरक्षण के लिए जाली घेरा प्रदान किया गया। खास बात यह रही कि इस पौधारोपण में विदेश में निवासरत कुछ लोगों ने भी दानदाता के रूप में सहयोग राशि भेजी और अपने परिजनों की स्मृति पौधे लगवाए। इस दौरान

अर्जुन,कदंब, कोनोकार्पस, मोलश्री करंज के पौधे रोपित किए गए। रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत सहयोग संस्था के अध्यक्ष डॉ सुभाष चौबे, सचिव सुशील शर्मा के मार्गदर्शन में नगर पालिका नव निर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा, सीएमओ कोमल ठाकुर, रोमी गुंबर की मौजूदगी में हुआ। संस्था की ओर से विचार व्यक्त करते रमन काबरा ने कहा कि वर्तमान समय में नगर पीने के पानी की समस्या से जूझ रहा है। अभी ग्रीष्म काल की शुरुआत नहीं हुई है। पूरा गर्मी का मौसम बाकी है। पानी की समस्या से निपटने के लिए सहयोग संस्था शहर के विभिन्न वार्डों में टोंटी विहीन नलों में टोंटी लगाने का अभियान प्रारम्भ करेगी। साथ ही पाइपों में लिकेजों को बंद करने का प्रयास की बात कहते हुए प्रशासन से अपील करते नए नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की, ताकि पानी की समस्या से निजात पाया जा सके।

## विदेशों से भी कई लोगों ने राशि भेजकर परिजनों की स्मृति में लगवाए पौधे




## अधिक से अधिक पौधारोपण पर जोर

कार्यक्रम में शामिल मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर कहा कि वर्तमान और भविष्य को देखते जल को बचाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जल का समुचित उपयोग किया जाए। संस्था के अध्यक्ष सुभाष चौबे ने नगर में स्वच्छता और अतिक्रमण पर ध्यान दिलाया, सचिव सुशील शर्मा ने आभार प्रकट किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वार्ड पार्षदों में पंचू साहू, नीतू कोठारी, रवि मलवानी, आकिब मलकानी, राजकुमार खांडे लक्की साहू, रोमी गुंबर सहित पवन वर्मा लक्ष्य ग्रुप का श्री फल देकर सम्मान किया गया। कमलेश साहू ने कविता पाठ कर के लोगों के मन में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में इस दौरान मंजीत सलूजा ,आलोक तिवारी ,बंसी साहू ,भगवती साहू गैंद लाल साहू,बालक दास मानिकपुरी,कृष्णा वर्मा,राजेश मिश्रा ,दिनेश सिन्हा,धनेश, जाह्नवी सिन्हा,मानवी सिन्हा,पीहू सचदेवा,सोनू सचदेवा,रिंकू, श्रीनिवास द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर लक्ष्मी नारायण साहू ने किया।

### सहयोग का कार्य सराहनीय कार्य : सिन्हा

कार्यक्रम के अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सहयोग संस्था का कार्य सराहनीय है। संस्था शहर का नाम रोशन करने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज सहयोग संस्था परिचय की मोहताज नहीं है। सहयोग संस्था को हमारी आवश्यकता नहीं है। बल्कि सहयोग संस्था के कार्य को देखते हुए हम सभी को इनकी जरूरत है। आज के पौधारोपण के साथ साथ संस्था द्वारा किए गए विभिन्न कार्य प्रशंसनीय हैं।

### ग्रीन जोन के रूप में होगी बेमेतरा की पहचान

नपा अध्यक्ष श्री सिन्हा ने पालिका की आने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आगे आप सब के सहयोग से प्राथमिकता के तौर पर पानी की समस्या से निपटने कार्य योजना बनाई जाएगी। इसके अलावा उन्होंने भविष्य में मां भद्रकाली महोत्सव मनाने की जानकारी देते हुए बताया कि माँ कालिका तालाब, भद्रकाली तालाब में एक कारीडोर बनाए जाने योजना है। इसके साथ ही श्री राम जानकी मंदिर को भव्य रूप दिया जाएगा। अपने संबोधन विजय सिन्हा ने सहयोग संस्था को हर संभव मदद करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रीन जोन के रूप में बेमेतरा की पहचान बनाएंगे।

---

# अंडा क्षेत्र में मतदान को लेकर दिखा उत्साह सुबह से ही लगी रही मतदाताओं की कतार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे और अंतिम चरण में क्षेत्र के लोगों में मतदान को लेकर सुबह से ही भारी उत्साह दिखा। विशेष रूप से ग्राम डौकीडीह, खप्परवाड़ा, देवरी ख, ओटेबंद, सिरसिदा, गोरकापार, परसदा, डंगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, तिलखैरी, भिलाई, चीचा, गोरकापार, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, गब्दी, मोहंदी पाठ, खुरसुल सहित अन्य गांवों में सुबह से ग्रामीणों ने लंबी कतार में लगकर मतदान किया। सभी जगह शांतिपूर्ण मतदान हुआ। सामान्य इलाकों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित किया गया था। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की गई। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया गया।

ग्राम पंचायत सिरसिदा में 1500 मतदाताओं में से 1277 लोगों ने वोट डाला। 65 वर्षीय चैतराम साहू व्हीलचेयर पर मतदान करने पहुंचे। ग्राम पंचायत परसदा डंगनिया 1451 में से 1209 मतदाताओं ने वोट डाले। यहां भी पवन साहू 60 वर्ष ने बैसाखी के सहारे मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला, वहीं लगनी बाई देशमुख वार्ड क्रमांक 03 के 80 वर्ष की महिला व्हीलचेयर से मतदान करने पहुंची।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हिना टंडन, गायत्री साहू, ग्रामीण जन उदय साहू, कमलेश कुमार साहू ने बताया कि हमारे गांव में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। ग्राम पंचायत देवरी ख में नवनिर्वाचित सरपंच कुसुम प्रमोद देशमुख ने 111 मतदान वोट से जीते गये। ग्राम पंचायत खप्परवाड़ा में 702 में से 684 लोगों ने मतदान किया। सुधा दिनेश चन्द्राकर ने 129 मतदान वोट से जीत हासिल की। खप्परवाडा के पन्ना चन्द्राकर ने बताया कि पहले डौकीडीह और खप्परवाड़ा एक ही पंचायत थी, अभी ये दूसरा पंचवर्षीय है, हमारे गांव में मतदान किया गया।

---



# गैस सिलेंडर फटने से मकान में लगी आग

**बालोद।** शहर के नयापारा वार्ड क्रमांक 03 में एक कच्चे मकान में गैस सिलेण्डर फट गया। इस दुर्घटना में घर के दो व आस पड़ोस के 4 लोगों के मामूली रूप से घायल होने की जानकारी मिल रही है। घायलों को जिला अस्पताल ले जाकर इलाज करवाया जा रहा है। सिलेण्डर कैसे फटा यह अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है।

▪ रसोई में कोई नहीं होने से बड़ी दुर्घटना टली

शहर के वार्ड क्रमांक 03 नयापारा निवासी हरखुराम साहू के यहां कच्चे मकान में सिलेंडर फटने की घटना हुई है। मिली जानकारी के अनुसार परिवार के लोग शाम को दिया जलाने की तैयारी कर रहे थे, तभी घर की रसोई में रखा गैस सिलेण्डर अचानक फट गया। गनीमत रही कि उस समय रसोईघर में कोई नहीं था तथा परिवार के लोग दूसरे कमरों में थे। वहीं, सिलेण्डर फटते ही रसोई में आग लग गई। वहीं, मकान कच्चा होने के कारण आग दूसरे कमरों तक भी पहुंच गई और परिवार के लोग जैसे तैसे अपनी जान बचाकर घर से निकले। उसके बाद भी परिवार के दो लोगों के मामूली रूप से झुलसने की बात सामने आ रही है। वहीं, आग लगने से घर के कई सामान जलने की जानकारी सामने आ रही है।

### पड़ोसियों ने अपने-अपने घरों से पानी लाकर बुझाई आग

सिलेण्डर फटने की घटना होने के बाद आसपास के लोगों ने अपने-अपने घरों से पानी लाकर छतों पर चढ़कर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान 4 पड़ोसियों के भी मामूली रूप से झुलसने की बात सामने आ रही है। उधर, पड़ोसियों द्वारा आग पर काबू पाने के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और जहां से धुआं निकल रहा था, वहां पानी का छिड़काव किया गया।

---

# गुण्डरदेही नपं अध्यक्ष प्रमोद ने सीएम साय से की मुलाकात



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन व पार्षदों ने शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह, मंत्री लखन लाल देवांगन, संगठन महामंत्री पवन साय व रामप्रताप सिंह से मुलाकात की।

▪ विभिन्न विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ रूपए का मांगपत्र सौंपा

इस दौरान प्रमोद जैन ने मुख्यमंत्री से नगर के वार्ड क्रमांक 3, 4, 10, 11, 12 एवं 13 में राज परिवार के तालाब किनारे जमीन पर निवासरत परिवारों को पट्टा दिलाने का आग्रह करते हुए आवेदन सौंपा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने त्वरित निर्णय लेते हुए पूर्ण करने का आश्वासन दिया और परिवारों को पट्टा दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने की बात कही। वहीं, निषाद समाज, साहू समाज व सोनकर समाज के लिए सामुदायिक भवन व बाजार के पास स्थित तालाब और शीतला तालाब सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री को 4 करोड़ रुपए का मांग पत्र सौंपा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र राय, अश्वनी यादव व भाजपा के नवनिर्वाचित पार्षद हरीश निषाद, संतोष नेताम, पूजा बिनझेकर, शैल महोबिया, सेवक महिपाल, रोमलाल यादव एवं अन्य पार्षद गण उपस्थित थे।

### जेल की शांति व खामोशी ने किया मुझे बेहद मजबूत: विधायक देवेंद्र

**भिलाई।** भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव को बलौदाबाजार हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जमानत पर रिहा हुए। शुक्रवार की देरात में सेक्टर-1 चौक पर उन्होंने एक छोटी सभा की, जिसमें उन्होंने अपने समर्थकों के समक्ष 17 अगस्त 2024 के बाद से जेल में बिताए समय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान के घर देर है अंधेर नहीं, सच को छिपाया नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देकर पहले ही जवाब दे दिया है। उन्होंने फर्जी शपथपत्र मामले में बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ लोग हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बहुत उछल रहे थे, सुप्रीम कोर्ट से उन्हें भी जवाब मिल गया है। कोर्ट ने स्टे दे दिया है। इधर शनिवार को उनके खिलाफ गंज थाना रायपुर में एक और एफआईआर दर्ज होने के बाद से उनके समर्थकों में खासी निराशा है।

---

## भाजपा नेता नमो लोढ़ा ने मुख्यमंत्री साय से की भेंट...

**डौंडीलोहारा।** युवा भाजपा नेता नमो लोढ़ा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को उनकी माता जी द्वारा मुंह मीठा कराते हुए तस्वीर बनवा कर भेंट किया। माताजी के साथ अपनी फोटो देख मुख्यमंत्री साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने अपनी आईडी से यह तस्वीर पोस्ट भी की।



# कलंगपुर जोगीमठ बाबा मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर



**बालोद/कलंगपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर कलंगपुर चारभाठा स्थित पावन धाम जय जोगीमठ बाबा मंदिर में प्रतिवर्ष भव्य मेला का आयोजन होता है। जहां सुबह श्रद्धालुओं के स्नान के लिए पानी की समस्या को देखते हुए मंदिर समिति द्वारा नहर नाली के माध्यम से जोगीमठ स्थित स्टाप डेम में पानी भरा जा रहा है।

---

# नवनिर्वाचित जिपं सदस्यों को सीईओ ने प्रदान किया निर्वाचन प्रमाण पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य पद के लिए नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत सभाकक्ष में प्रत्याशियों की विधिवत घोषणा करने के पश्चात जिले के बालोद विकासखण्ड के 02 जिला पंचायत क्षेत्र के नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के बालोद विकासखण्ड में मतदान एवं मतगणना 20 फरवरी को संपन्न हुआ था, जिसका सारणीकरण जिला पंचायत सभाकक्ष में रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारियों, अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की उपस्थिति में हुआ।

इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 के नवनिर्वाचित सदस्य पूजा वैभव साहू एवं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 के नवनिर्वाचित सदस्य तोमन साहू को निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर पंचायत विभाग के उप संचालक आकाश सोनी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।





